# यूपी में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का काम पूरा : मुख्य सचिव

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ ईस्टर्न एवं वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। ईस्टर्न कॉरिडोर का सर्वाधिक लाभ प्रदेश के छोटे-बड़े उद्योगों को मिलेगा।

मालगाड़ियों का ट्रैक अलग होने से उनकी रफ्तार बढ़ेगी और माल ढुलाई तेजी से होगा। ईस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर की लंबाई 1337 किमी. और वेस्टर्न कॉरिडोर की लंबाई 1506 किमी. है। इसमें 1097 किमी हिस्सा यूपी में आता है। जबकि वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर का महज 19 किमी हिस्सा यूपी में है। यूपी के हिस्से का डीएफसी का कार्य शतप्रतिशत पूरा हो गया है। इस पर 34,200 करोड़ खर्च किया गया है। ब्यूरो